# IIFL फाईनेंस के मिलन कार्यक्रम से तीन लाख लोग हुए लाभान्वित

**फायदा**

- **आईआईएफएल फाईनेंस ने आजादी सपनों की थीम के तहत 811 कार्यशालाएं आयोजित की**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाईनेंस ने अपने जनकल्याणकारी कार्यक्रम मिलन के माध्यम से तीन लाख से अधिक लोगों को वित्तीय सारक्षता के जरिये लाभान्वित किया है।

कंपनी ने गुरूवार को यहां जारी बयान में कहा कि उसके जनकल्याणकारी संगठन आईआईएफएल फाउंडेशन के जरिये तथा उसकी शाखाओं में मिलन कार्यक्रम के तहत विभिन्न सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। ये गतिविधियां समुदायों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं और समाज एवं स्थानीय समुदायों को अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं।

आईआईएफएल फाईनेंस ने आजादी सपनों की थीम के तहत 811 कार्यशालाएं आयोजित कीं जिनमें विविध क्षेत्रों से 14,307 लोगों ने अपने लक्ष्य तथा सपनों के बारे में बताया। कंपनी ने उन्हें अपने सपनों के लिए बेसिक मनी मैनेजमेंट, प्लानिंग, बजटिंग और निवेश का मार्गदर्शन दिया। कंपनी कार्यशालाओं के अलावा प्रतिभागियों के नियमित संपर्क में रहेगा और उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में उनका मागदर्शन करेगा।

सीएसआर प्रोग्राम मिलन द्वारा आईआईएफएल फाईनेंस स्वास्थ्य, पर्यावरण का संरक्षण एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित इनोवेटिव प्रोग्राम आयोजित करके अब तक 3 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित कर चुका है।